भारतीय फिल्म महोत्सव में भारतीय ध्वज फहराने का रस्म अदा करेंगे करण जौहर



हर साल मेलबर्न के सांस्कृतिक हॉटस्पॉट में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोग अपने बेहद खास दिन पर यहां के प्रतिष्ठित लैंडमार्क, फेडरेशन स्क्वायर पर इकट्ठा होते हैं। मेलबर्न के वार्षिक भारतीय फिल्म महोत्सव (ढ्ढस्नस्नरू) के हिस्से के रूप में, जो मल्टी अवार्ड विनिंग और दक्षिणी गोलार्ध का सबसे बड़ा फिल्म फेस्टिवल है, टेंट पोल इवेंट स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाने का इवेंट है। इस साल इस फेस्टिवल का 10 वां वर्ष मनाया जाएगा, जिसमें ध्वजारोहण का सम्मान भारतीय सिनेमा के लोकप्रिय निर्देशक करण जौहर को मिलेगा। साहस के केंद्रीय विषय वाले इस साल के भारतीय सिनेमा के उत्सव के 10 दिनों के दौरान त्योहार का मुख्य आकर्षण वार्षिक ध्वजारोहण है। करण एक बड़ी सार्वजनिक सभा की मौजूदगी में झंडा फहराएंगे जो हर साल देशभक्ति की इस कार्यवाही के गवाह बनते हैं। 11 अगस्त 2019 को हजारों भारतीय-आस्ट्रेलियाई और उपमहाद्वीप के लोगों की मौजूदगी में ध्वजारोहण होगा। साथ ही ऑस्ट्रेलिया में भारत के उच्चायुक्त और मेलबर्न के मेयर भी मौजूद रहेंगे।